संख्या- 415 /2024/1174/2024/27-2002-194-2023-2

प्रेषक,

आलोक कुमार द्विवेदी
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष,
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

सिंचाई एवं जल संसाधन अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 15 जुलाई, 2024

विषय- वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य पोषित मद के अन्तर्गत जनपद कुशीनगर में गण्डक नदी के दायें तट पर स्थित अमवाखास तटबंध के किमी0 7.850 से 7.950 के मध्य रिवेटमेन्ट 6X6 मी0 साइज के 20 मी0 के अन्तराल पर टीथ निर्माण एवं दो रो में आर0सी0सी0 परक्यूपाइन लगाने तथा स्पर किमी0 7.965 को शार्ट स्पर के रूप में पुर्नस्थापना के कार्य की परियोजना हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अधीक्षण अभियन्ता, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, अनुसंधान एवं नियोजन (बाढ़) मण्डल, सिंचाई भवन एनेक्सी, लखनऊ के पत्र संख्या-1047/काप्रअ/अनिबामं/यू-10/बी-1प्र0, दिनांक 24-06-2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरिसंदर्भित पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के आधार पर निम्नलिखित विवरण की एक अदद् चालू परियोजना पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक के अनुदान सं0-94 के लेखाशीर्षक-4711-बाढ़ नियन्त्रण परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय-01-बाढ़ नियन्त्रण-103-सिविल निर्माण कार्य-08-तटबन्धों का निर्माण-0840-तटबन्धों के निर्माण/सुदृढ़ीकरण/उच्चीकरण की परियोजनायें (राज्य सेक्टर)-24-वृहत निर्माण कार्य के अन्तर्गत उपलब्ध बजट व्यवस्था (चालू श्रेणी) के सापेक्ष रू0 54,50,000.00 (रूपये चौवन लाख पचास हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त करते हुये प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के निवर्तन पर निम्नलिखित शर्तो के अधीन रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि लाख रू0 में)

क्र0 सं0	परियोजना का नाम	स्था0 संचा0 समिति/ जी0एफ0सी0सी0/ भारत सरकार की स्वीकृति का संदर्भ	परियोजना की लागत	31.03.2024 तक नेट आवंटन/व्यय	आय-व्ययक अनुमान वर्ष 2024-25	वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवंटन	कुल आवंटन	परि0 पर लागत के सापेक्ष अवशेष	स्वीकृत धनराशि (चालू से)	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
94-4711-01-103-08-40-24 तटबंधों का निर्माण/ सुदृढीकरण/उच्चीकरण की परियोजनाएं										
1	जनपद कुशीनगर में गण्डक नदी के दायें तट पर स्थित अमवाखास तटबंध के किमी0 7.850 से 7.950 के मध्य रिवेटमेन्ट 6X6 मी0 साइज के 20 मी0 के अन्तराल पर टीथ निर्माण एवं दो रो में आर0सी0सी0 परक्यूपाइन लगाने तथा स्पर किमी0 7.965 को शार्ट स्पर के रूप में पुर्नस्थापना के कार्य की परियोजना। (Latitude:- 26.81'35.00" N Longitude: 84.25'28.75"E)	क्रमांक- 186 52वीं बैठक, दिनांक 02.12.2019	905.89	772.06	54.50	0.00	772.06	133.83	54.50	मुख्य अभियन्ता (गण्डक) गोरखपुर

(रूपये चौवन लाख पचास हजार मात्र)

नियम व शर्तें/ प्रतिबन्धों

3- उक्त धनराशि का व्यय करने में निम्नांकित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा :-

(1) तालिका में अंकित परियोजना की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक शासनादेश की संख्या-50/2020/107/सत्ताईस-सिं-2-2020-52बजट/2019-20 दिनांक 12-03-2020 में निहित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

shasanadesh.up.gov.in

(2) इस संबंध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04 मार्च, 2024 द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(3) इस सम्बन्ध में होने वाले व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-94 के लेखाशीर्षक-4711-बाढ नियंत्रण परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय-01 बाढ़ नियंत्रण 103-सिविल निर्माण कार्य 08 -तटबंधों का निर्माण 0840-तटबंधों के निर्माण/ सुदृढ़ीकरण/उच्चीकरण की परियोजनायें (राज्य सेक्टर) -24 वृहत निर्माण कार्य के नामें डाला जायेगा।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय रू0 54,50,000.00 (रूपये चौवन लाख पचास हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक में अनदान संख्या 094 लेखाशीर्षक 4711011030840 तटबन्धों के निर्माण/सुदृढ़ीकरण/उच्चीकरण की परियोजनायें (राज्य सेक्टर) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

5 - यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04 मार्च, 2024 प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
आलोक कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

संख्या एवं दिनांक यथोक्त्।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
(2) महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
(3) प्रमुख अभियन्ता (परि0 एवं नियो0),सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ।
(4) सम्बन्धित जिलाधिकारी।
(5) निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, प्रयागराज।
(6) नोडल अधिकारी, बजट एलॉटमेंट सिस्टम, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 शासन।
(7) मुख्य अभियंता, अनु0 एवं नियो0(बाढ़), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ।
(8) मुख्य अभियंता (बजट), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ।
(9) सम्बन्धित मुख्य अभियंता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0।
(10) वित्त नियंत्रक, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ।
(11) अधीक्षण अभियन्ता, कम्प्यूटर केन्द्र कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई विभाग, लखनऊ।
(12) वित्त (व्यय नियत्रंण) अनुभाग-8
(13) सिंचाई अनुभाग-9/गार्ड बुक।

आज्ञा से,
आलोक कुमार द्विवेदी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।